हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, चन्हुदड़ो, लोथल और कालीबंगा की मुख्य विशेषताएं

भाग-5

डॉ विभूति भूषण
सहायक प्राध्यापक (अतिथि)

SNSRKS, कॉलेज सहरसा

लोथल की विशेषताएं

- यह भारत के गुजरात राज्य के अहमदाबाद जिले में भोगवा नदी के तट पर स्थित है. इस स्थल की खोज डा. एस आर राव ने 1957 में की थी.
- यह स्थल पश्चिम एशिया के साथ समुद्री व्यापार का प्रमुख बंदरगाह रहा होगा. फारस की मुद्रा और पक्के रंग में रंगे हुए पात्रो से स्पष्ट होता है की लोथल सामुद्रिक व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र था.
- इस पूरा स्थल की सबसे प्रमुख उपलब्धि जहाजो की गोदी (डांक यार्ड) है.
- यहाँ गढ़ी और नगर दोनों रक्षा प्राचीर से ढंके है. उत्खनन में प्राप्त वस्तु के आधार पर इसे लघु हड़प्पा या मोहनजोदड़ो नगर कहा जा सकता है.
- यहाँ से प्राप्त प्रमुख अवशेष बंदरगाह, धान (चावल) और बाजरे का साक्ष्य, फारस की मुहरें, घोड़े की लघु मृदमूर्ति आदि है.
- यहां की सर्वाधिक प्रसिद्ध उपलब्धि हड़प्पा काल की बंदरगाह के आलावा मृदभांड, उपकरण, मनके, मुहरे, बाँट एवं माप, दस्तकारों एवं ताम्र कर्मियों के कारखाने है.